卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 302 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦13 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश को लगी गोली

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कनखल थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली



लगी है। जिसके बाद पुलिस ने बदमाश को पकड़ लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंन्द्र सिंह डोबाल का कहना है कि पुलिस ने चेकिंग अभियान में एक बाइक सवार कों रोकने की कोशिश की गई तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कों पीछा करते देख बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की तरफ से जवाबी कार्यवाही में फायरिंग के दौरान बदमाश (शेष पृष्ठ सात पर)

## तिरंगा रैली में देश भक्ति नारों की गूंज

गदरपुर( उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर देश भर में चलाये जा रहे घर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी की अध्यक्षता में मंगलवार को बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी इस दौरान लोगों से 15 अगस्त को घर घर तिरंगा फहराने का आहवान किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने किया। तिरंगा यात्रा पुरानी अनाज मंडी मार्ग से मेन मार्केट होते हुए टेंपू स्टेंड के पास दुर्गा राइस मिल के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान देश भक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि इस



तरह के आयोजनों से जनमानस में देश प्रेम का संचार होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि 15 अगस्त तक सभी घर में तिरंगा फहराया जाए। तिरंगा हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का प्रयास है। तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित और राष्ट्र सेवा की भावना को बताता है। इसलिए हमारा फर्ज है कि हम तिरंगे की आन बान शान के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करें। वही मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा रैली में युवाओं की सहभागिता और उनके जोश को देख (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रांजिट कैम्प से अपहृत दो बहनें राजस्थान में बरामद

### अगवा करने वाले दो सगे भाईयों सहित तीन लोग गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से अपहृत दो बालिकाओं को राजस्थान से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। मामले का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने बताया कि अपहृताओं की तलाश हेतु 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरो की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की शिनाख्त की गई। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा जम्मू कश्मीर व राजस्थान के अतिरिक्त उप्र, हरियाणा में



तलाश की गई। उन्होंने बताया कि उमेश पुत्र स्व. बैजनाथ निवासी वार्ड 8 शिवनगर ट्रांजिट कैम्प ने अपनी बालिग व नाबालिग पुत्रियों के बिना बताये घर से कही चले जाने व काफी खोजबीन के पश्चात ना मिलने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमे उसके द्वारा पंकज निवासी भूतबंगला रुद्रपुर व अन्य द्वारा अपने साथ ले जाने के सम्बन्ध मे संदेह व्यक्त किया था। दोनों बहनों की बरामदगी हेतु निरीक्षक भारत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित करते हुये लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये तथा सर्विलांस व सीडीआर के विश्लेषण के आधार पर उपरोक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## बस से लाखों का अवैध माल बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली से आ रही निजी बस की चैकिंग के दौरान राज्य कर अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से लाया जा रहा माल बरामद किया गया है। बस तथा बरामद माल को कब्जे में लेकर अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि आनन्द विहार दिल्ली से निजी बस संख्या यूपी 22 एटी 2302 का चालक किशोर अपने हेल्पर मयूरी के साथ यात्रियों को लेकर रात्रि दस बजे खटीमा (शेष पृष्ठ 7 पर)






**रस्म पगड़ी / श्रद्धांजलि सभा**

**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ॥**

बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय माताजी **श्रीमती कृष्णावन्ती मिड्डा ( पत्नी स्वर्गीय श्री दीवान चंद मिड्डा )** अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 3 अगस्त 2024 को प्रभु के चरणों में लीन हो गयी हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 15 अगस्त 2024 दिन बृहस्पतिवार** को समय: दोपहर 1:30 से 3:00 बजे **तक स्थान -आर्क होटल, बिलासपुर रोड रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी। लंगर प्रसाद: दोपहर 12:30 बजे होगा।

**दुखित परिवार**

अशोक-कमलेश मिड्डा (पुत्र-पुत्रवधु), सुधीर सीमा मिड्डा (पुत्र-पुत्रवधु)
सुरेंद्र स्नेहा मिड्डा (पुत्र-पुत्रवधू) ,सुनीता-अजय वोहरा (पुत्री-दामाद)
ममता- स्वर्गीय अनिल चोपड़ा (पुत्री दामाद)
श्री हरबंस लाल मिड्डा श्रीमती शांति मिड्डा (देवर देवरानी)
विजय- नीता मिड्डा (देवर देवरानी) एवं समस्त मिड्डा परिवार

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
**-संपर्क करें-**
**8433432291**


## मुख्य मार्ग पर संदिग्ध सूटकेस मिलने से हड़कंप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों तथा बांग्ला देश में व्याप्त तनाव की स्थिति को देखते पुलिस प्रशासन एक ओर जहां सुरक्षा व्यवस्था में कोई कार कसर नहीं छोड़ रहा है वहीं दूसरी ओर आज प्रात: नगर निगम कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में सूटकेस पाए जाने से लोगों में हड़कंप मच गया। वहां भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस का डॉग स्क्वायड तथा बम निरोधी दस्ता मौके पर आ पहुंचा और उन्होंने लोगों को दूर तक पीछे कर सावधानी से सूटकेस को खोला। जिसमें (शेष पृष्ठ सात पर)

**REQUIRED**

Qualified Teachers are Required for N/c to VIIIth Class for all Subjects, Fluency in English is Must.
**For Interview Contact Us**

**E.L.P.S., Awas Vikas**
**Opposite Gurudwara**
**Contact No. 8755236638**



**12 वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन**



**श्री तिलक राज सुखीजा**

संस्थापक- उत्तरांचल दर्पण

जीवित हूं मैं आज भी...ध्यान से देखो खुले आसमान में
जुगनूओं से टिमटिमाते उन सितारों में
घर की चार दीवारियों में, पलते मासूम उन सवालों में
सपनों में, उम्मीदों में, आंगन की फुलवारियों में
जीवित हूं मैं आज भी...
कर्तव्यों का बोझ और सपनों का महल
जो तुम्हें दिया हैं मैंने लगन से संवारना इसे
उसी लगन के परिणाम में जीवित मिलूंगा मैं
क्योंकि सपनो के महल के साकार स्वरूप में
जीवित हूं मैं आज भी...हर जगह हर कदम और हर दिल में
दिखा गया पथ, सिखा गया तुमको जो सीख सिखानी थी
इसलिए तो कहता हूँ कि मर गया हूँ मत कहो मुझे
सत्य कहता हूँ विश्वास करो मेरा, मरा नही जीवित हूं मैं आज भी...

**12वीं पुण्यतिथि पर आपको शत्-शत् नमन**

**उत्तरांचल दर्पण एवं श्री बाला जी प्रिन्टर्स परिवार**

# भजन संध्या में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 में पवित्र श्रावण महीने के अंतिम सोमवार पर आयोजित भजन संध्या में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर भजन संध्या में बैठ कर भजनों का आनंद लिया और सभी श्रद्धालुओं को सावन के अंतिम सोमवार की बधाई देते हुए कहा कि पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार पर आयोजित यह भजन संध्या जिसमें हम भजन रस में लीन हो गए हैं यह आने वाली पीढ़ी को भी सनातन ध र्म से जोड़ कर रखेगा और धर्म हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत दिनेशपुर कावल सिंह विर्क,वरिष्ठ भाजपा नेता भोला शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पाल,कपिल गंडा,विष्णु सील,चंदन मेहरा,दीपक राय, अंकित गायन,सुदीप राय,बुद्धदेव त्रिदेव हरीपद, सत्यजीत, अमरजीत, राकेश, करण,गोविंद,आनंद,सूशांत, सूरज, सुखदेव,अनीश रंजन,लव हलदार सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# किसानों को दी गन्ने की बुवाई की जानकारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा गदरपुर परिक्षेत्र की ग्राम लंबाखेड़ा में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि बारिश के समय में प्रत्येक गना कृषक को अपने खेत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गन्ने के वृद्धि के समय ऊपर के पत्तियों पर एक दूसरे से उलझना ,पत्तियों का रंग पीला होते हुए सिकुड़ते हुए जाना, जैसे लक्षण पॉका बोइंग बीमारी के हैं। यह एक फफूंद जनित रोग है। इसका प्रसार हवा से हो रहा है। इस कारण इस बीमारी के लक्षण सर्वप्रथम खेत के किनारो पर दिखाई देते हैं। कारबेंडाजिम नामक दवाई का उचित मात्रा में छिड़काव करने से इस बीमारी को दूर किया जा सकता है।अगले 15 दिन बाद इस दवाई का पुन: छिड़काव करना आवश्यक है। प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गना की कृषि की जानी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। गोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023. 0118 14201 जैसी उन्नत शील प्रजातियां है जिनको गना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वर्तमान में 0238 रेड रोड की चपेट में आने की संभावना है। अत: कृषकों को चाहिए कि वह इसका रिप्लेस करें। वैज्ञानिकों ने गने में आने वाली विभिन्न बीमारियों ,उसकी दवाइयां के बारे में भी जानकारी दी। इस गोष्ठी में प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार तथा गन्ना शोध केंद्र के वैज्ञानिक अधिकारी मन्नालाल, सिद्धार्थ कश्यप तथा गन्ना विकास के अधिकारी तथा कर्मचारी और क्षेत्र के कृषक थे।



# बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के खिलाफ फूटा गुस्सा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद इस्लामिक कट्टरपंथीयों के हिंदुओं पर हमले व मंदिरों को तोडने से बंगाली समाज के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने बाइक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। लोगों ने सोमवार को सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर से राष्ट्रीय ध्वज के साथ बाइक रैली निकाली। उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार बंद करने की मांग करते हुए बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। रैली सुरेंद्रनगर से रुदपुर, बैकुंठपुर, गोविंद नगर, टैगोर नगर, शक्तिफार्म बाजार, निर्मल नगर, अरविंद नगर होते हुए सितारगंज उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां प्रदर्शन करने के बाद प्रध ानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रैली राजनगर होते हुए वापस शक्तिफार्म पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, देबू मंडल, अनिरुद्ध राय, अजय जायसवाल, रवि मजूमदार, रिपुसुदन मंडल, मुकुल पोद्दार, गोविंद पोखरिया,विभूति राय, कृपा सिंधु हीरा,विक्रम सिंह भंडारी,दीपक विश्वास,सुजीत मण्डल,खोकन मण्डल,शम्भू घोष,महानंद कुमार,रवि सरकार, आदि मौजूद थे। रैली से एक दिन पूर्व प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल शक्तिफार्म इकाई के आहवान पर बैठक का आयोजन बांग्लादेश मे हो रहे अत्याचार को लेकर संपन्न हुआ था,जिसमे आगे के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र से बीस सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। व्यापार मण्डल के बैठक मे कावड़ संघ और हिन्दु रक्षा वाहिनी ने अपना समर्थन देकर एक लय मे कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। अब अगामी कार्यक्रम का रणनीति बीस सदस्यीय कमेटी तय करेगी।





# चिकित्सकों ने जताया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। कलकत्ता में महिला डॉक्टर से रेप के विरोध में डॉक्टरों का काली पट्टी बांध विरोध जताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। सांकेतिक हड़ताली चिकित्सकों ने कहा कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दें 9 अगस्त की सुबह कलकत्ता में सरकारी आर जीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में महिला



का अर्धनग्न शव मिला था। मृतका चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के तौर पर काम करती थी। अस्पताल में ड्यूटी के दौरान ही महिला की हत्या की गई थी। शुरुआती ऑटोप्सी रिपोर्ट में पता चला कि महिला डॉक्टर के साथ यौन दुर्व्यवहार भी किया गया था।विरोध करने वालों में डॉक्टर कनक,शिखा गोयल, राम कृष्ण दुबे, सी एस टोलिया, कनक बनोधा जीबी पंगरिया, एस राम आदि उपस्थित थे।

# पुण्य तिथि पर तिलकराज सुखीजा को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड लोकतंत्र सेनानी सँघ ने उत्तराँचल दर्पण के संस्थापक सम्पादक तथा समाजसेवी तिलकराज सुखीजा को उनकी पुण्य तिथि पर बड़ी ही श्रद्धा और शिद्दत से याद किया। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय तिलकराज जन जन की आवाज थे और उन्होंने उत्तराँचल दर्पण को बिना नतीजों की परवाह किये के विरुद्ध खड़ा किया। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि रुद्रपुर के वकीलों ने सन 1999 में जब तत्कालीन जिला जज के भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया तो उन्होंने बड़ी निर्भीकता से हमारे आंदोलन की खबरें मुख पृष्ठ पर प्रकाशित की जबकि बड़े बड़े अखबार खामोशी अख्तियार किए हुए थे। उन्होंने कहा तिलक जी का ये योगदान हमेशा याद रहेगा। श्रद्धांजलि सभा मे लोकतन्त्रसेनानियो के अतिरिक्त बड़ी संख्या में वकील भी उपस्थित थे जिनमे सुरेन्द्र गिरधर, गौरव मिड्ढा, गुरबाज सिंह, जुगल गोस्वामी, सुरेन्द्र नरूला, कमल चिलाना, सुरभि आहूजा, अजय यादव, आर. पी. सिंह, रवि अरोड़ा, संजीव फौगाट, नवीन ठुकराल, राधेश्याम शुक्ला, सुधांशु जोशी, मीराचौहन ,बौबी सागर,होमी कुरेशी,बंटी ग्रोवर, बार के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी, अभय कुलश्रेष्ठ,राघव सिंह,राजेश ग्रोवर, पूर्व सचिव पीयूष पन्त,अतुल कांडपाल,लक्ष्मी नारायण पटवा,दीपक अरोड़ा तथा अभिनव छाबड़ा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# विजडम पब्लिक स्कूल में करियर कॉउंसिलिंग कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की हेमंत जोशी द्वारा करियर कॉउन्सिलिंग की गयी। श्री जोशी ने जीवविज्ञान तथा गणित दोनों वर्गों के विद्यार्थियों को करियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण



जानकारियां रोचक तथ्यों के माध्यम से प्रदान की। विद्यार्थियों ने भी ध्यानपूर्वक बातों को सुनकर ज्ञानार्जन किया। इस अवसर पर समन्वयक महोदया प्रीती नयाल, सम्बन्धित विषय के शिक्षक अजय मिश्रा, श्रीमती कल्पना मण्डल, कुमारी प्रियंका पंत, कुमारी रेनू गंगवार, विमल चौधरी, दीपक आर्य,महेंद्र कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# गुरु नानक इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक गुरु प्रसाद गुप्ता का निधन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरु नानक इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक गुरु प्रसाद गुप्ता लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया, उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। वार्ड नंबर 6 खटीमा रोड निवासी गुरु नानक इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक 80 वर्षीय गुरु प्रसाद गुप्ता पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिनका बीती रात्रि लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया, उनके निधन का समाचार मिलते ही प्रात: उनके घर पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। गुरु नानक इंटर कॉलेज में भी पूर्व अध्यापक के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। स्वर्गीय गुप्ता गुरु नानक इंटर कॉलेज में बेटर हिंदी अध्यापक के पद से रिटायर हुए थे, रिटायर होने के बाद वह अपने बच्चों के साथ खटीमा रोड वार्ड 6 में रह रहे थे, उनके निधन पर पूर्वांचल समिति ने भी शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना, पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियान,पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, राजू गुप्ता, अनिल शर्मा, प्रेम प्रकाश सिंह, अखिलेश मिश्रा,सुनील शर्मा समेत गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सरदार तरसेम सिंह सहित अध्यापकों ने शोक संवेदना प्रकट की है।



# जिला स्तरीय योग आसन चौंपियनशिप आयोजित




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय जिला योगा चौंपियनशिप आयोजित की गई। यूओयू के प्राध्यापक डॉक्टर भानु जोशी एवं प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर जोशी ने बच्चों को योगा के फायदे बताए एवं नियमित योगा करने के लिए प्रेरणा दी। सब जूनियर ट्रेडिशनल योग बालक वर्ग में कृष्णा जोशी ने स्वर्ण भव्य राजवार ने रजत एवं रितेश सिंह ने कांस्य पदक जीता 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में युवर्णा आनंद ने स्वर्ण पदक जीता और 7 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अथर्व अग्रवाल ने द्वितीय पुरस्कार जीता।

# ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। मकरंदपुर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मनप्रीत कौर ने पौधारोपण किया। मनप्रीत कौर ने बताया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के अलावा समाज सेवा के अनेक कार्य करती हैं और वृक्षारोपण में उनमें से प्रमुख है उद्यान विभाग के अधिकारी सुभाष रयाल और अशोक कुमार की सहायता से 300 पौध ों की मांग उन्होंने की थी जो अमरूद के पेड़ उद्यान विभाग द्वारा उन्हें प्रदान किए गए जिस पर वह जहां पर खाली जगह मिलती है वृक्षारोपण करती हैं। मकरंदपुर गांव के प्राइमरी स्कूल में वृक्षारोपण ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। मनप्रीत कौर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्ष फल, ऑक्सीजन,छाया देते है जो हमारे जीवन उपयोगी है, फलदार वृक्ष लगाने से सभी को लाभ होगा स्कूली बच्चों को पोषण भी मिलेगा। इसी भाव से उन्होंने उद्यान विभाग से फलदार वृक्षों की मांग की थी जिस पर लखनऊ 49 प्रजाति के अमरूद के पेड़ उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए हैं। इस मौके पर अनेक ग्रामीण भी मौजूद थे। जिनमें शुभंकर मंडल ,निर्मल मंडल, काली पद ,बैद्यनाथ बीवी करनपाल सिंह, अर्जुन पाल सिंह, हाजरापद तथा प्राइमरी स्कूल के शिक्षक तपन मंडल भी मौजूद थे।



# स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम : डीएम

## निगम एवं समस्त नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, पार्क आदि की साफ-सफाई एवं महापुरूषों के प्रतिमाओं को रंग-रोगन करने के निर्देश दिए

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस को भव्यता व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 9.30 बजे व पुलिस लाईन में प्रातः 10 बजे प्रभारी मंत्री द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को सम्मानित किया जायेगा व उत्कृष्ट कार्यक्रम करने वालो को सम्मान के साथ ही पौधारोपण भी किया जायेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यालय परिसर एवं स्थानों में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगें। उन्होने मुख्य शिक्षा अधिकारी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालयों में भाषण, पेंटिंग, गोष्ठी निबंध लेखन, गायन प्रतियोगिता, श्लोगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान एवं त्याग के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख चौराहों पर देशभक्ति के गीतों का प्रसारण करने व जिला क्रीड़ा अधिकारी को क्रॉस कन्ट्री रेस में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने निर्देश दिये। उन्होंने शासकीय एवं ऐतिहासिक भवनों को प्रकाशमान किए जाने के भी निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए। उन्होंने नगर निगम एवं समस्त नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, पार्क आदि की साफ-सफाई एवं महापुरूषों के प्रतिमाओं को रंग-रोगन करने के निर्देश



दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक भव्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा संगीत, देश भक्ति गीत, तिरंगा प्रतिज्ञा, स्वस्च्छता कार्यक्रम, एक पेड़ मॉ के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी कार्यक्रमों की हर घर तिरंगा वेबसाइट पर फोटो, वीडियो क्लीप व सेल्फी अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों व आम जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि जिला पंचायत राज विभाग प्रत्येक गॉव में व जिला पंचयत अपने-अपने सदस्यों के माध्यम से झण्डे वितरण करायेगें साथ ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंयायत अपने-अपने निकायों में झण्डे वितरण करना सुनिश्चित करेगें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, विवेक राय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुजंन सुखीजा, महामंत्री अमित नारंग, पीडी अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी एसएम डोभाल, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ओसी डॉ0 अमृता शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति के सम्बन्ध में शपथ दिलायी



गयी जिसमे कुल 19559 छात्र-छात्राओं, शासकीय कार्मिकों, स्थानीय नागरिकों, प्रेस प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के अतिरिक्त ''विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र'' कार्यक्रम के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पेंटिंग प्रतियोगिता, गोष्टियां, पौधारोपण व रैली आदि गतिविधियां भी संपादित की गई।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

**विजय आयुर्वेद क्लीनिक**
**पंचकर्म सेन्टर**

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# प्राचीन मोटा महादेव शिव मंदिर में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।करतारपुर रोड सुआनगला स्थित प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार के उपलक्ष्य विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और समाजसेवी डी पी यादव ने भी प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर व हरि मन्दिर में पहुंच कर सावन के चौथ सोमवार को जलाभिषेक और पूजा अर्चना की तथा भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल एवं डीपी यादव को कमेटी के लोगों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि अपनी संस्कृतिक को संजाये रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म की राह पर चलने वाला हर चुनौती को पार कर जाता है। उन्होंने मंदिर में भंडारे के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बंटी कोली ,ललित बिष्ट , विशाल मेहरा आदि भी मौजूद थे।



# स्व. चावला को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट कमेटी के प्रधान प्रीतम सिंह चावला के निधन पर मान सिंह ग्रोवर के आवास पर शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रख ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मान सिंह ने कहा कि स्व. चावला हर वर्ष रोडवेज परिसर में गुरूग्रंथ साहिब का पाठ करा कर सभी शहर वासियों एवं संगत को लंगर प्रसाद की सेवा करते थे। नरेश सेठ ने कहा कि स्व. चावला खालसा पंथ के सच्चे सेवादार थे। प्रताप सिंह ने कहा कि स्व. चावला हमेशा रीठा साहिब के दर्शन कराने के लिए संगत को बस में अपनी ओर से ले जाते थे। शोक सभा में महेन्द्र सिंह चावला, महेश कुमार, समप्रीत ग्रोवर, सुमितपाल सिंह, हरीश कुमार, सनी रतनपुरी आदि मौजूद थे।

**गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# इंटर कालेज में किया पौधारोपण

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। एमजीएन इंटर कॉलेज में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें अल्पसंख्यक आयोग के सचिव जगदीश रावत वरिष्ठ सहायक श्रीमती शमा परवीन, प्रबंधक एमजीएम इंटर कॉलेज निजाम अख्तर, पूर्व अध्यक्ष अकरम खान, प्रधानाचार्य मोहम्मद ताहिर, सहायक हरिश्चंद्र कल्याण, श्रीकांत शहादत फौजी सहित नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# हर घर तिरंगा अभियान जनपद में जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा

नैनीताल। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि आजादी के महापर्व को जन उत्सव के रूप में मनाये जाने हेतु 15 अगस्त को देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाने के निर्देश संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए है उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों, ऑफिस, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का देशवासियों से अनुरोध किया है। इस अवसर पर पूरे जनपद में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलो, कॉलेजो, संगठनों को आमंत्रित कर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों मे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों, कालेजों में संगठन की सहभागिता से स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाये जाने हेतु सभी से सहभागिता करने की अपील की है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम कल,तैयारियां पूर्ण

किच्छा (उद संवाददाता)। 14 अगस्त को आयोजित होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के संबंध में ग्रैंड हैरिटेज में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने की, जिसमें कार्यक्रम की समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में कार्यकर्ताओं और आयोजक समिति के सदस्यों ने भाग लिया। 14 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहेंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार विशेष रूप से आमंत्रित हैं। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका से प्रभावित सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा, जो भारतीय इतिहास के इस अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील अध्याय को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। श्री शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभाजन के दौरान हुए कष्टों और पीड़ाओं को याद करते हुए उन सेनानियों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के बंटवारे के दौरान अद्वितीय धैर्य और साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा, ष्यह कार्यक्रम न केवल हमारे इतिहास के इस दर्दनाक अध्याय को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि उन सभी लोगों के प्रति श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपने जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी का सामना किया और नए सिरे से जीवन शुरू किया। बैठक में कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, अतिथियों का स्वागत, और सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन समिति ने आश्वस्त किया कि यह कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक होगा, जिसमें विभाजन पीड़ित परिवारों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के इस महत्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से देशवासियों को इतिहास की इस बड़ी त्रासदी से सीख लेने और सामूहिक राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का संदेश दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रवीण रहेजा, राज गगनेजा, अमन मदान, राज पपनेजा, अंकुर पपनेजा, संदीप अरोड़ा, मनमोहन सक्सेना, राजा सुखीजा, डॉ राजेंद्र कमरा, बंटी खुराना, रोहित कालरा, संजीव खन्ना, प्रदीप पुजारा, राजेश तिवारी, पंडित अनिल शर्मा, अक्षय अरोड़ा, विजय अरोड़ा, सुभाष तनेजा, ओम तनेजा, धर्मराज जायसवाल, कैलाश खन्ना, अमरीक सिंह मंड, राजेश कश्यप समेत समस्त आयोजक मंडल उपस्थित थे।



# बांग्लादेश में अराजकता के खिलाफ निकाली बाईक रैली

सितारगंज (उद संवाददाता)। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से निरंतर हिन्दू परिवारों पर हो रहे अत्याचार से आक्रोशित लोगों ने बाइक रैली निकालकर गहरा आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रविंद्र जुवांठा को सौंपा और हिन्दुओं के हो रहे अत्याचार रोकने की मांग की। ग्राम सुरेंद्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में हिंदूवादी लोगों ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके पश्चात तारकनाथ धाम से शुरू हुई रैली में व्यापार मंडल, शिव कांवर संघ, हिंदू रक्षा वाहिनी, छात्र संगठन विभिन्न बंगाली संगठन सहित राजनीतिक दलों से जुड़े सैकड़ों लोग शामिल हुए। रैली क्षेत्र के कई मार्गों से होकर गुजरी। रैली में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, विभूति राय, रविंद्र अग्रवाल, रवि मजूमदार, देवाशीष पोद्दार, अजय चौहान, पवित्र बावली, वासुदेव मंडल, परेश मंडल, सुमित मंडल, रिपुसूदन मंडल, गणेश सरकार, सुजीत मंडल, विक्रम भंडारी, कृपा हीरा पवित्र मंडल, राजा हालदार आदि शामिल थे।



# सभी विभागों को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाए : धामी

## सीएम ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश: विद्यार्थियों के लिए गाइडेंस और काउंसलिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए,जनसमस्याओं को चिन्हित कर उनका समाधान निकालें

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सी.एम. डैशबोर्ड 'दर्पण 2.0' की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागों को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाए। साथ ही सभी विभागों की गतिमान परियोजनाओं का डाटा भी अपलोड करवाया जाए। उन्होंने 15 दिन में सभी विभागों को परियोजनाओं का अपडेट पोर्टल में करने के निर्देश दिए। प्रत्येक माह की 07 तारीख तक विभागों को पिछले माह का डाटा अपलोड करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम. हेल्पलाइन 1905 के साथ ही वे सीएम डैशबोर्ड की भी हर माह समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिए कि सभी सचिव अपने विभाग की प्रत्येक माह सीएम डैशबोर्ड संबंधी बैठक करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का समाधान करना है। इस डैशबोर्ड के माध्यम से विभाग जनसमस्याओं को चिन्हित कर उनका समाधान निकालें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गरीबों, युवाओं व अन्नदाताओं के कल्याण और नारी सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं। संबंधित विभागों द्वारा



इन क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का परिणाम धरातल पर दिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्कीम को डैशबोर्ड में अनिवार्य रूप से दर्शाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल में 05 करोड़ रूपए से अधिक धनराशि की सभी परियोजनाओं को दर्शाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम डैशबोर्ड के साथ ही डी.एम डैशबोर्ड को भी धरातल पर लाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के साथ हमें विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और तकनीकी शिक्षा में प्लेसमेंट सेल के साथ ही विद्यार्थियों के लिए गाइडेंस और काउंसलिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस तरह की कारगर व्यवस्था बनाई जाए कि उच्च शिक्षा के दौरान कितने अभ्यर्थियों ने प्लेसमेंट के लिए आवेदन किया और कितनों को नौकरी मिली। युवाओं के स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, श्री एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा, प्रमुख वनसंरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, श्री शैलेश बगोली, श्री नितेश झा, श्रीमती राधिका झा, श्री दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।






# कलयुग में भागवत नाम की महिमा सबसे सरल साधन: स्वामी नारायण चैतन्य

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के द्वितीय दिवस की कथा कथाते हुए स्वामी नारायण चैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज ने कहा कि भागवत नाम की महिमा कलियुग में इससे सरल साधन कोई भी संभव नहीं है। हरिनाम संकीर्तन मात्र से जीव भवसागर को बड़ी सहजता पूर्वक पार कर सकता है। उन्होंने कथा में बताया कि शौनक जी ने सूत जी महाराज से प्रश्न किया कि परीक्षित का क्या हुआ, उत्तरा के गर्भ की भगवान रक्षा करके तो गये, परीक्षित का नाम विष्णु रात ब्राम्हणों ने रखा परीक्षित जंगल में शिकार खेलने गये वहां पर शमीक ऋषि तपस्या कर रहे थे उनके गले में मरा हुआ सांप डाल दिया और अपने राज्य में वापस आने पर जो जरासंध का मुकुट पहन रखा था वह उतारा तो उन्हें पश्चाताप हुआ कि मैने ऋषि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया तब तक शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि पहुंच गये और उन्होंने देखा कि कोई मेरे पिता के गले में मरा सर्प डाल गया। श्रृंगी ऋषि ने श्राप दे दिया कि सातवें दिन यही तक्षक बनकर डस लेगा। राजा को मुक्ति का साधन बताकर श्रृंगी ऋषि का जाना शुकताल तीर्थ गंगा के पावन तट पर पहुंचकर राजा परीक्षित भगवत स्मरण कर ही रहे थे तभी भगवान स्वयं शुकदेव रूप में प्रकट हो गये और परीक्षित को भगवत कथा सुनाने लगे। परीक्षित जी कहते हैं कि मैं आप से पूछना चाहता हूं कि हर मरणधर्मा प्राणी का क्या धर्म है। कृपा करके बताईये। जीवन में कथा श्रवणीय है, क्या स्मरणीय है, कौर भजनीय है। जीव का क्या कर्तव्य है और क्या अकर्तव्य हैं इसे विस्तार पूर्वक समझाईये। शुकदेव जी के इन प्रश्नों पर विमुग्ध हो गये। कथा में स्वामी जी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में जो भी लिखा वह भगवान की वाणी है। शास्त्रों से उपर कोई नहीं है। कितना भी बड़ा कोई चिंतक क्यों न हो। शास्त्र ही सर्वोपरि हैं। कथा के बीच में भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। भागवत कथा में यजमान के रूप में पूजा अर्चना वनीता सपना और जगमोहन सपरा ने कराई। आरती यजमान के रूप में पूर्व पालिकाध्यक्षा मीना शर्मा और अनिल शर्मा, श्रीमती एवं श्री डा. मदन लाल बठला, कस्तूरी लाल तागरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आचार्य राजेश, आचार्य राजीव, आचार्य रोहित, आचार्य विजय ,आचार्य नवीन, विजय फुटेला, सुभाष खंडेलवाल, राज कुमार अरोरा, रविंद्र शर्मा,विजय दीक्षित, योगेश कुमार अरोरा, संजीव अरोरा, अशोक कुमार, डा. गौरव अग्रवाल, पंकज कपूर, अशोक







मित्तल, ओमप्रकाश सक्सेना, सुशीला शर्मा, विजेन्द्र सिंह, शशि अरोरा, राज अरोरा, शकुतला अनेजा, अमित सक्सेना,अरविंद सक्सेना,हर्ष शर्मा,सुशीला शर्मा,सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

पन्तनगर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय स्तर पर विकार, मादक द्रब्यो के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बीज निगम मुख्यालय, हल्दी पर महाप्रबन्धक डा0 अभय सक्सेना द्वारा कर्मचारियो एवं अधिकारियो को न केवल समुदाय,



परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर डा0 दीपक पाण्डेय, रोहन सांगुडी, दिगम्बर प्रसाद, आरके अग्रवाल, पीके सिंह, सुनील श्रीवास्तव, उपेन्द्र सिंह, इन्द्रावती अंगद सिंह, धमेन्द्र मिश्रा, विजय शर्मा, आरएस शर्मा रीता आर्या आदि मौजूद थे।

## आध्यात्मिक पुस्तकों का स्टाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन ने कबीर भजनों को गाते हुए मुख्य बाजार में उत्तराखंड का पहला बुक स्टॉल लगाया फाउंडेशन की टीम ने लोगों को आचार्य प्रशांत द्वारा सरल व सटीक भाषा मे भगवतगीता, उपनिषद ,वेदांत के बारे में लोगों को अवगत करवाया साथ ही युवाओं से अपील की गई कि अगर जीवन को सरल व व्यवस्थित तरीके से जीना है तो अध्यात्म के पास आना ही होगा, क्योंकि भगवतगीता ही एक ऐसा ग्रन्थ है जो जीवन की सभी समस्याओं का निदान करती है। रुद्रपुर के मुख्य बाजार में संस्था के टीम लीडर मोहन सिंह फौजी के नेतृत्व में टीम आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तकों सम्बंध, कर्मफल, भगवतगीता, कर्मयोग, कर्मा , मन, संघर्ष अपने विरुद्ध, डर के बारे में जानकारी दी । टीम के सदस्यों सीमा फुटेला, उषा



पाठक, मुकुल, प्रकाश दत्ता, कार्तिकेय ,प्रदीप फुटेला ने युवाओं को संस्था की गतिविधियों के संदर्भ में जानकारी सांझा की तथा बताया कि आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव में जी रहा है ,मांसाहार के कारण पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है ,ऐसे समय में अध्यात्म ही इन सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। आचार्य प्रशांत इस कार्य को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपनी एक मुहिम चला रहे हैं अब तक करोड़ो लोग उनकी संस्था से जुड़कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। संस्था द्वारा आयोजित गीता की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 30 हजार लोग एक साथ जुड़े। उनके यूट्यूब चैनल पर 50 मिलियन से भी अधिक लोग जुड़े हैं जो कि आध्यात्मिक विषयो पर सुने जाना वाला विश्व का पहला चौनल बन चुका है। लोगों ने आचार्य प्रशांत एप सब्सक्राइब कराया किया।जबकि काफी लोग पहले से ही आचार्य से जुड़े हैं।

# एनजीटी के मानकों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

नैनीताल। मा. ग्रीन ट्रिब्यूनल (राष्ट्रीय हरित अधिकरण), नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण के सम्बन्ध में कुमाऊं आयुक्त ने कैंप कार्यालय सभागार में सोमवार को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण विशेष निकाय है,जो बहु-अनुशासनात्मक मुद्दों से जुड़े पर्यावरणीय विवादों को संभालने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से सम्पूर्ण है। उन्होंने नियमों, मानकों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि ग्रीन ट्रिब्यूनल(राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के तहत बिना अनुमति के पेड़ कटाव, भू कटाव, अवैध तरीके के बन रहे होम स्टे या अन्य निर्माण कार्य, घरों-होटलों आदि से निकलने वाला प्रदूषित पानी या सीवर नदी नालों, तालाबों में जाता है। जिससे पर्यावरण और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती है। कहा कि ऐसे लोगों को सूची तैयार करने को कहा, जिससे पर्यावरण को दूषित करने वालों के



खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जल निगम और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से पुरानी सीवर लाइन या क्षतिग्रस्त हो गई है, उनका सर्वे करने को कहा जिससे समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जा सके।उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अवैध रूप से पेड़ों में कटान या नुकसान करने वालों पर चालानी कार्रवाही करने को कहा। साथ ही उन्होंने एडीएम को पहाड़ी इलाकों में बन रहे होम स्टे का सर्वे और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को पंगूट गांव के आस पास अवैध रूप से बन रहे होम स्टे की सूची बनाकर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा।साथ ही ग्रीन बैल्ट को नुकसान करने वालों की सूची तैयार कर रिपोर्ट देने निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम पी आर चौहान,लोनिवि ईई रत्नेश कुमार, यूपीसीएल ईई एसके सहगल,जल संस्थान ईई रमेश सिंह गर्बयाल, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के नये पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोटरी क्लब रुद्रपुर के नये पदाधिकारियों का इंस्टॉलेशन समारोह एक होटल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेश उपस्थित थे। साथ ही, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सोनल अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अनुराग सिंह, विशेष अतिथि के रूप में टाइटन कंपनी के संजय सिंघल, संसेरा कंपनी से दीपक सोनी और अनिल सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित थे। रोटरी क्लब रुद्रपुर के नए अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन सीए जयप्रकाश अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही, रोटेरियन डॉ. नितिका पांडे ने सचिव के रूप में और रोटेरियन चंचल जीत सिंह ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की। इस मौके पर क्लब के सभी रोटेरियन उपस्थित रहे







और नए पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके अलावा, डिस्ट्रिक्ट के अन्य पदाधिकारी भी इस इंस्टॉलेशन समारोह में उपस्थित रहे, जिनमें असिस्टेंट गवर्नर और डिस्ट्रिक्ट टेनिस कमेटी के चेयरमैन रोटेरियन जगदीश सिंह बिष्ट, इंटरनेशनल पीस कमेटी के को चेयरमैन रोटेरियन ओम सिंघल, डिस्ट्रिक्ट इंटरसिटी मीट के को चेयरमैन रोटेरियन मनोज अग्निहोत्री, और सीएसआर कमेटी के को चेयरमैन रोटेरियन डॉ. डी के भट्ट शामिल थे।मुख्य अतिथि नीरव निमेश ने अपने संबोधन में कहा कि रुद्रपुर क्लब समाज के विकास में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने रुद्रपुर क्लब को ग्लोबल ग्रांट और सीएसआर की ओर ध्यान आकर्षित करने का सुझाव दिया, जिससे सेवा भाव में रुद्रपुर और भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सके और एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर क्लब के नए अध्यक्ष रोटेरियन सीए जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब रुद्रपुर आने वाले समय में सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं की पहचान कर, उन्हें सार्थक और प्रभावी परियोजनाओं के माध्यम से पूरा करना है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या पर्यावरणीय स्थिरता हो, हम एक साथ मिलकर समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। रोटरी क्लब रुद्रपुर कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति और उनके सहयोग के लिए रोटरी क्लब रुद्रपुर की ओर से हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया गया। इसके साथ ही, रोटरी क्लब रुद्रपुर द्वारा हाल ही में विभिन्न स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। इस अभियान में आरोग्य टीम के सदस्यों और सहयोगी डॉक्टरों का विशेष योगदान रहा, जिनके समर्पण और सेवाभाव के लिए क्लब ने उन्हें आभार प्रकट किया।

## अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 2 नशा तस्करों को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस के कानि. सुनील कुमार व भूपेन्द्र जेष्ठा द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के समीप संदिग्ध अवस्था एक व्यक्ति को खड़े देखा। पुलिस कर्मियों को देखकर उन्होंने जब भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता बालक राम पुत्र किशन निवासी वार्ड 15 जवाहर नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 54 पव्वे देशी मसालेदार शराब के बरामद हुए। वहीं कानि. लक्ष्मण राम तथा दिलशाद अहमद



ने गश्त के दौरान ख्वाजा मस्जिद के पास चेतन कबडवाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी जसपुर खोलिया बंगर पोस्ट किशनपुर गौलापार थाना चोरगलिया को ख्वाजा मस्जिद के पास संदिग्ध रूप से स्कूटी के साथ घूमते एक सफेद कट्टे के अन्दर 224 पेकेट माल्टा मसालेदार देशी शराब व स्कूटी संख्या यूके 04 एएफ 8639 के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कथा में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के





23वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि नंद के घर सभी को आनंद देने वाले के घर परमानंद (श्रीकृष्ण) प्रकट हुए, हजारों जन्मों से बिछुड़ा हुआ जीव आज प्रभु से मिल पाया। ईश्वर से मिलन होने पर जीव आनंद से झूम उठता है, नंद बाबा सदा सर्वदा आनंद में ही रहते थे और औरों को आनंद देते थे, ऐसे नंद के घर ही परमानंद पधारते हैं, सभी को आनंद ना दिया जा सके तो कोई बात नहीं है किंतु दुख तो किसी को भी ना दो, कोई दुखी हो जाए ऐसा भी मत करना, कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान कथा श्रवण करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।प्रसाद की सेवा राजेश मित्तल एवं श्रीमती निर्मला मित्तल ,सुरेंद्र पोपली , निश्चल गुप्ता एवं राकेश चौहान के परिवार द्वारा दी गई।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली तिरंगा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत कालाढूगी मे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने अमर शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस



दौरान सुरेश भट्ट, राजेंद्र बिष्ट, विवेक सक्सेना, प्रदीप बिष्ट, विक्रम जंतवाल, गजराज बिष्ट, नवीन भट्ट, हिमांशु मिश्रा, कार्तिक हरबोला, नवीन पाण्डेय, रवि कन्याल, प्रमोद तौलिया, लाखन निगलटियां, कमल पाण्डेय, गोपाल बुडलाकोटी, कैलाश बुडलाकोटी, भुवन आर्य, भुवन कुमार, कुंदन बसेड़ा, दीवान बिष्ट, मोहन खोलिया, कै.लक्ष्मण सिंह देउपा समेत कार्यकर्त्ता और स्थानीय जनता उपस्थित रहीं।

## भाजपा में छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान: डब्बू

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खटीमा विधानसभा प्रभारी राज्य मंत्री मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर डब्बू का मंडी समिति किसान भवन परिसर खटीमा पहुंचने पर स्वागत किया। किसान भवन परिसर में राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू ने खटीमा विधानसभा के तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक को सम्बोधित करते हुए





उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बिना किसी गुटबाजी के पार्टी के लिए काम करना है। भाजपा एकमात्र एक ऐसी पार्टी है जो अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ध्यान रखती है और समय आने पर पार्टी के लिऐ समर्पित कार्यकर्त्ता का सम्मान करती है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण उत्तराखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है पार्टी ने उनकी मेहनत एवं निष्ठा को देखते हुए उन्हे प्रदेश की कमान सौंपी। इसी प्रकार पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओ को पार्टी समय आने पर मौका देती है। पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद राज्यमंत्री एवं मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने राईस मिलर्स व्यपरियों की समस्याओं को सुना एवं मंडी समिति का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को मंडी समिति की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी एवं संचालन जिला महामंत्री सतीश गोयल ने किए बैठक में नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर डब्बू को मंडी की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन पोखरिया, किशन सिंह किन्ना, नवीन बोरा, किशोर जोशी, भुवन जोशी, सोमनाथ मौर्य, विमला बिष्ट, रमेश जोशी, नीलू गुप्ता, इंद्र चंद, सतीश गोयल, ईश्वरी पांडेय, देवेंद्र सिंह,रिंकू,वरुण अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल, करन यादव, तारिक मलिक, सूरज धामी, ममता शर्मा, अनीता ज्याला, गोकुल ओली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आयोग ने किया 12 शिकायतों का निस्तारण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोग को प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। जिसमे से 41 शिकायत प्रकरणों/वादों की सुनवाई करते हुये 12 वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एक प्रकरण में राहत चौक वितरित किया गया जबकि सुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ ही आगामी 16 अगस्त को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में तलब किया गया। विकास भवन सभागार में उपाध्यक्ष ने वादों की सुनवाई करते हुये 12 वादों का निस्तारण किया। 8 मामलों से संबंधित अधिकारियों को 16 अगस्त, को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी 8 मामलों से संबंधित अधिकारियों को 21 अगस्त को हल्द्वानी,



जबकि 2 मामलों में मौ. साजिद पुत्र अब्दुल लतीफ तथा मो. अदनान मलिक पुत्र सगीर अहमद को व इनसे संबंधित अधिकारियों को 17 अगस्त को जनपद हरिद्वार में होने वाली शिकायत सुनवाई के दौरान उपस्थित होने के आदेश दिए। उन्होंने मौ. साजिद निवासी ग्राम छापुर हरिद्वार के शिकायती प्रकरण में मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को छात्रावास के फर्नीचर संबंधित जांच कर 17 अगस्त को हरिद्वार में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा कि आयोग के मामलों/वादों को अधिकारी गम्भीरता से ले व उनका निस्तरण समय से करना सुनिश्चित करें।शिकायती वादों की सुनवाई में आयोग के सदस्य मौ0 तसलीम, सचिव जेएस रावत सहित वादकारी व अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रांजिट कैंप से घर-घर चला तिरंगा अभियान

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवाहन के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण





चुघ के नेतृत्व में भाजपाइयों ने चामुंडा मंदिर ट्रांजिट कैंप से घर-घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया। भाजपा नेता चुघ के नेतृत्व में प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया गया ।चुघ ने कहा कि तिरंगा देश की शान है और पूरे देश के वासी इसी तिरंगे को नमन करते हैं। ऐसे में सभी देशवासी स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रति अपना योगदान शब्दों में लिखकर दें कि हर घर में तिरंगा लहराएगा ताकि भारत देश की गूंज पूरे विश्व में नजर आए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में कई देशभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उसके बाद ही आज हम आजादी के हवा में सांस ले रहे हैं ।ऐसे में देश का कोई भी व्यक्ति और युवा पीढ़ी इन देशभक्तों को कभी भी विस्तृत न करें और स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर में तिरंगे झंडे को अवश्य फहराएं । इस दौरान जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ पंकज बांगा ,जिला सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ नितेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, मनोज गुप्ता, शिबू ,विशाल, संजय, रामनिवास शर्मा, राज कोली ,सनी पासवान, गौरव प्रजापति, मनू समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# विकास और समृद्धि के लिए एआई का उपयोग जरूरी: राज्यपाल

## 'एआई, मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ कल का निर्माण' विषय पर कार्यशाला

देहरादून (उद संवाददाता) राजभवन में वीर माधो सिंह भण्डारी तकनीकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान और यूपीईएस, देहरादून व क्वांटम विश्वविद्यालय, रुड़की के सहयोग से ''एआई, मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ कल का निर्माण'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा इन विषयों पर अपने प्रस्तुतीकरण दिए गए।कार्यशाला में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन की डिजिटल पहल राज्यपाल के एआई चैटबॉट ''स्पीच टू टेक्स्ट और टेक्स्ट टू स्पीच'' को लॉन्च किया। तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए इस चौटबॉट में राज्यपाल के भाषण की वीडियो को टेक्स्ट और टेक्स्ट को वीडियो रूप में परिवर्तित किया जा सकेगा।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आने वाला समय एआई, मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग का है। आज पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है जिसमें इन तीनों तकनीकों की बड़ी भूमिका रहेगी और इनसे कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहेगा। इन तकनीकों को न अपनाने वाले देश विकास की दौड़ में बहुत पीछे रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि बदलते विश्व के केंद्र में एआई है, यह ऐसी ताकत है जो उद्योगों, समाज और हमारे अस्तित्व के मूल ढ़ांचे को नया आकार दे रही है। हमें विकास और समृद्धि के लिए एआई का उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तकनीकों का सावधानीपूर्वक और सतर्क उपयोग हमारे जीवन में चल रहे परिवर्तनों को आगे बढ़ा सकता है। राज्यपाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि एआई, मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग का भविष्य आप सभी के हाथों में है। आप सभी कल की एआई संचालित दुनिया के निर्माता हैं। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल इस भविष्य को आकार देने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपनी युवा और तकनीक-प्रेमी आबादी के साथ एआई में वैश्विक नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में है। हमें डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने एआई चौटबॉट तैयार करने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज, द्वाराहाट अल्मोड़ा के प्रो. विशाल कुमार और छात्र मयंक बिष्ट, दीपक सिंह व शुभम को प्रशंसा पत्र भी दिए।कार्यशाला में तकनीकी विश्वविद्यालय के डॉ. विशाल कुमार और डॉ. अजित सिंह ने एआई पर प्रस्तुतीकरण देते हुए कहा कि इसमें मानव प्रगति की अकल्पनीय ऊंचाइयों को छूने की क्षमता है, साथ ही यह महत्वपूर्ण चुनौतियां भी पेश करता है। एक ओर एआई स्वास्थ्य सेवा से लेकर कृषि तक, वित्त से लेकर शिक्षा तक, सभी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है या रोजमर्रा के कामों को स्वचालित करता है और मानव बुद्धि को उच्च- स्तरीय सोच के मुक्त करता है। वहीं दूसरी ओर नौकरी विस्थापन, गोपनीयता संबंधी चिन्ताएं और नैतिक दुविधाएं बड़ी समस्याएं हैं।यूपीईएस के डॉ. विजय शेखर और पंकज बडोनी ने कहा कि मेटावर्स सिर्फ एक चर्चा का विषय नहीं है, यह एक प्रतिमान बदलाव है। यह एक सामूहिक आभासी साझा स्थान है जो वस्तुत: उन्नत भौतिक वास्तविकता और भौतिक रूप से स्थायी आभासी स्थान के अभिसरण द्वारा बनाया गया है जिसमें सभी आभासी दुनिया, संवर्धित वास्तविकता और इंटरनेट का योग शामिल है।क्वांटम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विवेक कुमार और डॉ. अमृता कुमारी ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग कोई दूर का विषय नहीं है, यह एक वास्तविकता है जो हमारे सामने खुल रही है। यह अनंत संभावनाओं का क्षेत्र है, जहां मानवीय कल्पना और कंप्यूटेशनल शक्ति की सीमाएं मिलती है।इस कार्यशाला में विधिक परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन.के. जोशी, कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून प्रो. एम.एल. बी. भट्ट, कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी एवं कुलपति उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री सहित विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।





# स्कूली बच्चों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। एमजीएम इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा आरंभ की गई जिसका शुभारंभ उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब तथा उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी ने किया। रैली एमजीएम इंटर कॉलेज से सरकड़ी रोड से होती हुई लगभग 2 किलोमीटर यात्रा तय करते हुए एमजीएम इंटर कॉलेज में समापन किया गया। इस अवसर पर के बी एन मेमोरियल स्कूल के पांच छात्राओं की माता को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमजीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं सोशल मीडिया पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया तथा बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग के बारे में जागरुक करते हुए मोबाइल से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक निजाम अख्तर, प्रधानाचार्य मोहम्मद ताहिर अख्तर, मोहम्मद हनीफ, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम खान,पूर्व नगरअध्यक्ष मोहम्मद शफी अंसारी, मंडल अध्यक्ष भाजपा महेंद्र कालरा,अजय कालरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ गुलाम मुस्तफा,हनीफ शहादत फौजी,वरिष्ठ लिपिक नगर पंचायत केलाखेड़ा मोहम्मद कामिल, हिमांशु चौधरी,मेराज आलम,मोहम्मद उस्मान अल्वी सहित विद्यालय के बच्चे उनके अभिभावक तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# देश भक्ति नारों के साथ निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

रामनगर(उद संवाददाता)। भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में पूरे जोश और उत्साह के साथ हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ लखनपुर में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट करते हुए कहा कि सरकार के आदेश पर इस तिरंगा यात्रा का पूरे देश में आयोजन किया जा रहा है तथा यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को भी मिल रहा है।



भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि आज इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा लगाए जाने को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा सभी से अपील की जा रही है की। सभी लोग देश के इस महान राष्ट्रीय पर्व पर अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं उन्होंने कहा की यात्रा के माध्यम से लोगों को अपने देश की एकता व अखंडता को बचाए रखने का संदेश भी दिया जा रहा है।

# पेज एक का शेष...

**तिरंगा रैली में देशभक्ति...**कर पता लगता है कि देश का युवा सही दिशा में बढ़ रहा है और देश को विश्वगुरु बनाने में अग्रसर है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनि भूसरी,स्नेहिल कालरा, विक्रम सरकार,राजेश गुंबर, सुभाष गुंबर,नरेश हुड़िया,मनोज गुंबर,अनिल जेटली,अभिसेक गुंबर, अश्वनी,परमजीत पम्मा,संजय चौधरी,रवींद्र सिंह,संदीप कंबोज,कुनाल रस्तोगी,मिंटू रस्तोगी ,आकाश कोचर सहित बड़ी संख्या में युवा सम्मलित हुए।

**बस से लाखों का..**के लिए रवाना हुआ था। आज प्रात: बस जब यहां राज्य कर चैक पोस्ट पर पहुंची तो वहां मौजूद सहायक आयुक्त राज्य कर जीशान मलिक ने बस को रोक कर उसकी कर्मचारियों की मदद से सघन तलाशी ली। इस दौरान बस से अवैध रूप से लाया जा रहा लाखों कीमत का सामान बरामद किया गया। जिस पर बस को बरामद माल सहित कब्जे में ले लिया गया। माल पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर कुछ व्यापारी राज्य कर अधिकारी कार्यालय भी पहुच गये। समाचार लिखे जाने तक मामले की जांच की जा रही थी।

**पुलिस मुठभेड़ में ..** के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश कों गिरफ्तार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहित निवासी लक्सर है। पूछताछ के दौरान बदमाश ने बताया कि उसने अपने साथियो के साथ मिलकर कनखल थाना क्षेत्र में 2 लूट की घटनाओं कों अंजाम दिया था। बदमाश ने नूरपुर पंजनखेड़ी मे किराना करोबारी सुरजीत सिंह चौहान की दुकान व दो माह पूर्व सर्राफा कारोबारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटनाओं में शामिल इसके अन्य साथियो की तलाश की जा रही है।

**ट्रांजिट कैं प से अपहृत..**गुमशुदा बहनों की लोकेशन ट्रेस की गयी और संदिग्ध ों से पूछताछ की गयी। गुमशुदा बहनों की लोकेशन जम्मू कश्मीर के अनन्तनाग क्षेत्र में मिलने पर एक टीम निरीक्षक थाना ट्रांजिट कैम्प के नेतृत्व में गैर राज्य उत्तर प्रदेश, पजांब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर रवाना किया गया तथा एक अन्य टीम को उपनिरीक्षक प्रदीप पन्त के नेतृत्व मे दिल्ली व राजस्थान रवाना किया गया। जम्मू कश्मीर में जिला अनन्तनाग थाना क्षेत्र कोजीगुंड, चौकी क्षेत्र पर बाजार में सुरागरसी करते हुए विभिन्न ईट भट्टो में संदिग्धों की तलाश की गयी। जहां खर्जवान ब्रिक क्ले ईट भट्टे पर संदिग्ध विक्की मिला।जिससे गहन पूछताछ पर उसके द्वारा बताया गया कि गुमशुदा लडकियां उसके भाई व पंकज के साथ राजस्थान मे काम करने चले गये हैं। शिवम द्वारा खुशी से शादी कर ली गयी हैं जो वर्तमान में राजस्थान में किसी ईट भट्टे पर रह रहे हैं। इस पर एक टीम विक्की को लेकर राजस्थान रवाना हुई। जहां थाना राम सिंह पुर जिला अनूपगढ राजस्थान पहुंच स्थानीय पुलिस के सहयोग से टीम द्वारा दबिश देकर अभियुक्त के साथ अपहृत बालिकाओ को भी बरामद किया गया। पुलिस ने विक्की भारती पुत्र जयपाल भारती निवासी ग्राम भूडा थाना बहेडी जिला बरेली, पंकज पुत्र कन्हई लाल निवासी ग्राम गरीबपुरा पोस्ट बहेडी बरेली तथा शिवम भारती पुत्र जयपाल भारती निवासी ग्राम भूडा थाना बहेडी को मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में निरीक्षक भारत सिह, उपनिरीक्षक जगत सिह, प्रदीप पन्त,हेड कांस्टेबल राजीव शाही, कांस्टेबल भूपेन्द्र जीना, महिला कांस्टेबल आकांक्षी,रिक्रूट आरक्षी जितेन्द्र नेगी, कांस्टेबल विरेन्द्र रावत (एसओजी), भूपेन्द्र आर्या (एसओजी) शामिल रहे। खुलासे के दौरान पत्रकार वार्ता में एएसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल भी मौजूद रहे।

**मुख्य मार्ग पर संदिग्ध...**कपड़े आदि सामान पाये जाने से सभी ने राहत की सांस ली। आज नगर निगम ऑफिस के सामने एक संदिग्ध ट्रॉली सूटकेस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन- फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने ट्रॉली सूटकेस बैग को भली भांति चेक किया। सूटकेस को चेक करने के बाद पता चला कि वह सूटकेस किसी यात्री का छूट गया है। जिसको पुलिस अपने साथ कोतवाली ले आई। पुलिस सूटकेस स्वामी का इंतजार कर रही है, ताकि आवश्यक पूछताछ करने के बाद उसे सूटकेस वापस किया जाए।

# घर से दवा लेने के लिए गई महिला लापता

हल्द्वानी। दवाई लेने के लिए घर से निकली महिला लापता हो गई है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पति की ओर से मुखानी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। अंशुगुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम हाल निवासी अम्बिका कॉलौनी छड़ैल गैस गोदाम रोड ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पत्नी नीलम गुप्ता 15 जुलाई को घर से दवा लेने के लिए गाजियाबाद स्थित डा. अनिल वर्मा के पास गयी थी। उसकी पत्नि को किडनी की समस्या है। जिसकी दवाई- इलाज गाजियाबाद से चल रहा है। पति का कहना है कि उसकी पत्नी को गए हुए लंबा अरसा हो गया है लेकिन वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। उसका नंबर भी बंद है। सभी रिश्तेदारों से भी संपर्क यिका गया लेकिन उसका कहीं कोइ सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है।




## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मिथुन राय और उसकी पत्नी सोनाली उर्फ सोनालिका मेरा कहना नहीं मानते हैं, आये दिन घर में कलह करते हैं और हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र मिथुन राय, पुत्रवधु सोनाली उर्फ सोनालिका एवं नाती अंशु राय को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और इनसे अपने सारे सम्बंध खत्म कर लिये हैं। भविष्य में ये सभी अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

वासुदेव राय पुत्र श्री किशन चन्द्र राय निवासी-वार्ड नं0 37, थाना ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान एवं पुत्रवध करिशमा मेरा कहना नहीं मानते हैं और आये दिन परिवार में कलह का वातावरण उत्पन्न करते हैं और मेरे साथ मारपीट करते हैं। इनके कृत्यों से दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र और पुत्रवधू को अपनी हर प्रकार की चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद ये दोनों अपने हर प्रकार के अच्छे बुरे कार्यों तथा लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ममता चौहान पत्नी श्री हरी सिंह चौहान, निवासी ट्रांजिट कैम्प, वार्ड नं0-1, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुनील विश्वास गलत संगत में पड़ गया है वह नशा आदि करता है तथा घर में अकसर लड़ाई झगड़ा करता है, उसके गलत आचरण से दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उसके साथ अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य लेन देन आदि के लिए सुनील विश्वास स्वयं जिम्मेवार होगा।

अशोक कुमार पुत्र श्री हरि नारायण, निवासी- मकान नं0- 954, वार्ड नं0 14, सुभाष कालोनी, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम रूपा कपूर (RUPA KAPOOR) से बदलकर रूपा कत्थूरिया (RUPA KATHURIA) पत्नी श्री विजय कुमार कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रूपा कत्थूरिया (RUPA KATHURIA) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

रूपा कत्थूरिया पत्नी श्री विजय कुमार पता- 184 मलिक कालोनी, रूद्रपुर,जिला-उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

## सूचना सम्बंध विच्छेद

मैं कि रितेश गुप्ता पुत्र अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर का पुत्र हर्षित गुप्ता जो कि मेरे कहने सुनने में नहीं है, जिसको मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं, भविष्य में मेरा पुत्र कोई भी किसी तरह का कृत्य करता है तो मेरा उसका कोई सम्बन्ध नहीं है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सराहनीय सेवाओं के लिए राजीव यादव होंगे सम्मानित

## एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट के छह अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस पर्व पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा सेवा एवं विशिष्ट कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा



पदक एवं उत्कृष्ट व सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की है। जिसमें सराहनीय सेवा सम्मान पदक प्राप्त करने वालों की सूची में हल्द्वानी सीआईडी सेंटर में कार्यरत अपर उप निरीक्षक राजीव कुमार का नाम भी शामिल है। इसके अतिरिक्त विशिष्ट कार्य के लिए सराहनीय सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, उप निरीक्षक विपिन जोशी, केजी मठपाल, प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, आरक्षी गुरवंत सिंह








आदि के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सराहनीय सेवाओं के लिए 20 व विशिष्ट कार्य के लिए 34 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट के 6 अधिकारी /कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर देहरादून में उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुलिस मेडल प्रदान किया जाएगा। जिन सराहनीय कार्यों के लिए इन्हें सम्मानित किया जाएगा उनमें बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का खुलासा, हरिद्वार में दो हाथी दांत बरामद करना, चंपावत में दो लेपर्ड की खाल बरामद करना, दिनेशपुर में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करना, खटीमा में 1 किलो से ज्यादा स्मैक की रिकॉर्ड बरामद करना, पुलभट्टा क्षेत्र से एक ट्रक से रिकॉर्ड 3 कुंतल डोडा और 5 किलो अफीम की बरामद करना तथा जनपद चमोली से 4 भालू की पित्त की बरामद करना शामिल है।

# हमीरा मलिक महिला अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। सरोवर नगरी की बेटी हमीरा मालिक को महिला अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। वह एक मॉडल,एक्ट्रेस और न्यूज एंकर हैं, और यह पुरस्कार उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया गया है। हमीरा मालिक को यह अवार्ड दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया था, दिल्ली पुलिस के डायरेक्टर ट्रेनिंग जितेंद्र मनी ,दिल्ली पुलिस के जॉइंट डायरेक्टर विजय सिंह, पूर्व जिला जज टी0आर0 नवल, उपजिलाधिकारी सजंय अम्बास्ता, जम्मू कश्मीर की रेसिडेंट कमिश्नर रश्मि सिंह, आज तक के उपसंपादक चिराग गोठी,जम्मू कश्मीर की पहली मिसेज इंडिया व अर्बन डेवलपमेंट अधिकारी मीनू महाजन, संयुक्त रजिस्ट्रार दिल्ली हाइकोर्ट के0एस0 भाटी ,एक्ट्रेस व मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड कोमल नरूला, अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के सदस्य डॉ0अलीम , कार्यक्रम



के आयोजक आशुतोष नरवाल,कुमाऊँ केसरी के संपादक प्रदीप फुटेला समेत कई प्रमुख लोगो की मौजूदगी में प्रदान किया गया। बता दें हमीरा मलिक की शैक्षिक पृष्ठभूमि भी प्रभावशाली है, उन्होंने नैनीताल के आल सेंट्स कॉलेज और सेंट जेवियर्स में अध्ययन किया है। साथ ही वह न्यूज एंकर व मॉडल भी हैं अवार्ड हमीरा मलिक की मेहनत, संघर्ष, और उपलब्धियों को सम्मानित के लिए दिया गया है , यह प्रेरणा है अन्य महिलाओं के लिए जो अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र से उन्हें बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।

# नेपाल कानूनी व्यवसायी परिषद के स्थापना दिवस में शामिल हुए रूद्रपुर के अधिवक्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मित्र राष्ट्र नेपाल में नेपाल कानूनी व्यवसायी परिषद के 31वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तालीम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग के लिए जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष एडवोकेट दिवाकर पांडे के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल नेपाल के धनगढ़ी क्षेत्र में शामिल हुआ। बार कौंसिल ऑफ नेपाल ने भारत से आए कानूनी विशेषज्ञों का परंपरागत रूप से गर्म जोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश दिनेश प्रसाद यादव एवं विशिष्ट अतिथि नेपाल सरकार के कानून मंत्री हीरा सार्की ने दीप प्रज्वलित कर किया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने विशेष रूप से भारत में 1 जुलाई सन 2024 से लागू 3 नए कानूनों के बारे में, न्याय व्यवस्था के बारे में, जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश दिनेश प्रसाद यादव ने भारत-नेपाल मैत्रीय संबंध के बारे में तथा भारत-नेपाल के कानूनो के बारे में जानकारी साझा की।विशिष्ट अतिथि नेपाल के कानून मंत्री हीरा सार्की ने कहा कि भारत में अधिवक्ताओं की व्यवस्था की तरह ही नेपाल में अधिवक्ताओं के लिए सरकार




एवं नेपाल बार काउंसिल शीघ्र ही आपस में विचार विमर्श कर भारत में विधि व्यवस्था व अधिवक्ताओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं देने के लिए जानकारी हासिल करेगी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे नेपाल बार के काउंसलर एडवोकेट प्रकाश बहादुर पांडे ने कहा कि भारत में अधिवक्ताओं की सुविधा एवं कानूनी प्रक्रिया की तरह ही नेपाल बार के सभी साथियों को निश्चित रूप से सुविधाओं को प्रदान किया जाएगा। जिसका प्रमुख रूप से एक शिष्टमंडल जल्द ही भारत का भ्रमण करेगा। कार्यक्रम का संचालन नेपाल बार में एडवोकेट श्री झंकर कुंवर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख सचिव ऑफ नेपाल हरि लमसाल, सचिव सुशील वैद्य, पूर्व अटार्नी जनरल ऑफ नेपाल प्रोफेसर डॉक्टर युवराज सनरौला, वर्तमान अटॉर्नी जनरल ऑफ नेपाल रमेश बादल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अनिल यादव, गोपाल कृष्ण गिवरे, जिला जज लीला राज अधिकारी, दंडपानी लामीछाने, बार उपाध्यक्ष तुलाराम गिरी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र साउत, एडवोकेट इंद्र प्रसाद लेखक, भारत के प्रतिनिधि मंडल के सर्वेश सिंह, शिव कुंवर सिंह, नवीन चंद आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर देश भर में चलाये जा रहे घर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने स्कूली बच्चों के साथ वार्ड नंबर एक फुलसुंगा में तिरंगा यात्रा निकाली और लोगों से 15 अगस्त को घर घर तिरंगा फहराने का आहवान किया। सेंट मेरी स्कूल से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने किया। तिरंगा यात्रा गंगापुर मार्ग पर दक्ष चौक से होते हुए वापस सेंट मेरी स्कूल पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान देश भक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जनमानस में देश प्रेम का संचार होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



मंशा है कि 15 अगस्त तक सभी घर में तिरंगा फहराया जाए। तिरंगा हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब हम घर में तिरंगा लहराते हैं, तब बच्चे भी पूछते हैं और उन्हें हम एक कहानी की तरह सुनाते हैं कि वीर सपूतों ने हमारे देश के लिए बलिदान दिया, तब आज हम आजाद देश में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता और अऽंडता को बनाए रखने का प्रयास है। तिरंगा अभियान देश की आन बान शान के लिए कुर्बान होने वालों को नमन करने का मौका देता है। तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित और राष्ट्र सेवा की भावना को बताता है। इसलिए हमारा फर्ज है कि हम तिरंगे की आन बान शान के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करें। इस अवसर पर सचिन पांडेय, शैलजा श्रीवास्तव, विशाल गुम्बर, जितेन्द्र संधू, पारस चुघ, आयुष कालड़ा, मुकेश शर्मा, नरेश राठौर आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा का ताहफा

देहरादून। प्रदेश की महिलाओं को धामी सरकार ने रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा का तोहफा दिया है। परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन सीपी कपूर की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकार के निर्देश पर सचिव परिवहन बृजेश संत ने परिवहन निगम प्रबंधन को रक्षाबंधन पर दो दिन तक रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा संबंधी आदेश जारी करने का पत्र भेजा था। इस दौरान होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। परिवहन निगम प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव के निर्देशों पर इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश की महिलाएं रोडवेज बसों में दो दिन तक प्रदेश के भीतर मुफ्त सफर कर सकेंगी। अगर सफर के दौरान कुछ हिस्सा यूपी का भी पड़ता है, तो भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिवहन निगम के महाप्रबंधक ने सभी मंडलीय प्रबंधक, उप महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, डिपो सहायक महाप्रबंधकों को इस संबंध में पत्र भेजा है। बताया कि यात्रा का विवरण तैयार करके निगम मुख्यालय को भेजा जाए। इस विवरण के आधार पर यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी।

